# आवास विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा अल्मोड़ा नगर में पार्किंग स्थल का निर्माण कार्य (माननीय मुख्यमंत्री जी घोषणा संख्या–82/2017) किये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुमोदनार्थ मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 06 दिसम्बर, 2021 को आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक का कार्यवृत्त

मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक 06 दिसम्बर, 2021 में उक्त प्रस्ताव पर विचार--विमर्श किया गया। बैठक में निम्न अधिकारीगण उपस्थित थे :–

1. श्री एस0एन0 पाण्डेय, सचिव (प्रभारी), आवास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. श्री गंगा प्रसाद पन्त, तकनीकी विशेषज्ञ, राज्य योजना आयोग, उत्तराखण्ड।
3. श्री विनोद कुमार, सलाहकार (अभियन्त्रण), राज्य योजना आयोग, उत्तराखण्ड।
4. सुभाष चन्द्रा, मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन एवं निर्माण निगम, उत्तराखण्ड।
5. श्री सुभाष चन्द्र सुन्दरियाल, सहायक अभियन्ता, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन एवं निर्माण निगम, रानीखेत।

1. **कार्य की आवश्यकता एवं औचित्य** :– अल्मोड़ा नगर क्षेत्र के बाजार में जाम की समस्या रहती है वाहन पार्क करने हेतु स्थान नहीं है। उक्त पार्किंग के निर्माण से वाहन पार्किंग सुविधा उपलब्ध होने पर जाम की समस्या नहीं रहेगी। उक्त पार्किंग के निर्माण से स्थानीय नागरिक, कटारमल सूर्य मंदिर कसार देवी एवं जागेश्वर धाम आने जाने वाले श्रृद्धालु लाभान्वित होगें।

2. **भूमि की उपलब्धता** :– विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि वाहन पार्किंग हेतु 2990.71 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध है।

3. **योजना प्राविधान** :– पार्किंग का निर्माण 105 वाहनों हेतु Ground Floor, G–1, G-2 and G-3 में प्रस्तावित है। क्षेत्रफल का विवरण निम्नानुसार है:–

| S. No. | Description | Plinth Area |
|---|---|---|
| 1 | Ground Floor | 56.86 sqm |
| 2 | LGF1 | 977.95 sqm |
| 3 | LGF2 | 977.95 sqm |
| 4 | LGF3 | 977.95 sqm |
| | **Total** | **2990.71 sqm** |

4. **व्यय वित्त समिति की बैठक में प्रस्तुतिकरण हेतु राज्य योजना आयोग का अभिमतः**–

4.1 योजना के सम्बन्ध में विभागीय व्यय वित्त समिति की बैठक सचिव, आवास विभाग, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 11.11.2021 को सम्पन्न हुई जिसमें योजना को व्यय वित्त समिति में प्रस्तुत किये जाने हेतु संस्तुत की गयी।

4.2 योजना में रू0 686.66 लाख का प्रस्ताव 66 वाहनों की पार्किंग हेतु दिनांक 22.09.2021 को व्यय वित्त समिति की बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया था जिसमें मितव्ययता एवं क्षमता के दृष्टिकोण से LGF-3 में भी पार्किंग निर्माण किये जाने हेतु निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देशों के क्रम में LGF-3 में भी 32 हल्के वाहनों सहित 105 वाहन की पार्किंग हेतु प्राविधान किया गया है। उक्त प्राविधान किये जाने से रू0 10.00 लाख प्रति वाहन की लागत घटकर रू0 7.38 लाख प्रति वाहन हो गयी है।

Gsant

क्रमशः पृष्ठ–2/–

4.3 योजना क्रियान्वयन हेतु वित्तीय उपलब्धता के सन्दर्भ में अवगत कराया गया है कि वर्ष 2021–22 में अनुदान संख्या–13 लेखाशीर्षक–4216 मद के अन्तर्गत रू0 35.00 करोड प्राविधानित है जिसके सापेक्ष रू0 2180.30 लाख शेष है जो पार्किंग योजना हेतु पर्याप्त है।

4.4 पार्किंग निर्माण में उत्तराखण्ड पेयजल निगम, निर्माण विंग, रानीखेत द्वारा निर्धारित मानकों का समावेश किया गया है।

4.5 पार्किंग निर्माण हेतु कार्य स्थल भूमि की Geo Technical Investigation कार्य कराया गया है।

4.6 पार्किंग निर्माण हेतु कार्य स्थल का भू–वैज्ञानिक द्वारा निरीक्षण किया गया है।

4.7 योजना की Structural Design का विवरण आगणन में संलग्न नहीं है, पार्किंग हेतु फ्रेम स्ट्रक्चर अनुमान के आधार पर तैयार किया गया है।

4.8 कार्य स्थल में E/W in Cutting किये जाने के पश्चात् आवश्यकतानुसार वास्तविक कार्य स्थल की Geo Technical Investigation कराते हुए, स्ट्रक्चरल डिजाइन कराया जाय तथा स्ट्रक्चरल ड्राइंग अधिकृत संस्था से वैट कराया जाना आवश्यक है।

4.9 पार्किंग निर्माण हेतु Terrace / Ground Floor में 27, LGF1 में 23, LGF2 में 23 एवं LGF3 में 32 इस प्रकार कुल 105 हल्का वाहन पार्किंग हेतु प्राविधान किया गया है।

4.10 योजना में Solar Power Panel and Rain water Harvesting का प्राविधान नहीं किया गया है।

4.11 योजना में Fire Fighting का प्राविधान नहीं किया गया है।

4.12 योजना में प्रस्ताव के सथ परिशिष्ट 'क' एवं 'ख' संलग्न है।

**4.13** प्रस्तावित योजना की लागत का विवरण निम्नानुसार है :–

(धनराशि रू0 लाख में)

| S. No. | Particular | DSR | | NSI Civil | NSI Elet. |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Civil | Elet. | | |
| 1 | Total Cost of Work | 701.44 | 11.75 | 0.09 | 3.91 |
| 2 | Add Centage Charges 8% | 56.12 | 0.94 | 0.01 | 0.31 |
| | **Total** | **757.61** | **12.71** | **0.10** | **4.22** |
| | **Say in Lakh** | **774.64 Lakh** | | | |

**परियोजना की कुल लागत :– रू0 774.64 लाख**

## 5. व्यय वित्त समिति में विस्तृत चर्चा के उपरान्त निर्णय :–

प्रश्नगत योजना के सम्बन्ध में व्यय वित्त समिति में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी, व्यय वित्त समिति द्वारा आगणन में प्रस्तावित सभी कार्यो को निर्धारित मानकों के अनुसार क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिये गये।

सचिव, आवास विभाग के अनुरोध पर समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उपरोक्त के आलोक में रू0 774.64 लाख **को निम्न प्रतिबन्धों के साथ अनुमोदित किया गया** :–

5.1 कार्य पर मदवार उतना ही व्यय किया जाय जितनी मदवार धनराशि स्वीकृत की गयी है। स्वीकृत धनराशि से अधिक व्यय कदापि न किया जाय।

क्रमशः पृष्ठ–3/–

4.3 योजना क्रियान्वयन हेतु वित्तीय उपलब्धता के सन्दर्भ में अवगत कराया गया है कि वर्ष 2021–22 में अनुदान संख्या–13 लेखाशीर्षक–4216 मद के अन्तर्गत रू0 35.00 करोड प्राविधानित है जिसके सापेक्ष रू0 2180.30 लाख शेष है जो पार्किंग योजना हेतु पर्याप्त है।

4.4 पार्किंग निर्माण में उत्तराखण्ड पेयजल निगम, निर्माण विंग, रानीखेत द्वारा निर्धारित मानकों का समावेश किया गया है।

4.5 पार्किंग निर्माण हेतु कार्य स्थल भूमि की Geo Technical Investigation कार्य कराया गया है।

4.6 पार्किंग निर्माण हेतु कार्य स्थल का भू–वैज्ञानिक द्वारा निरीक्षण किया गया है।

4.7 योजना की Structural Design का विवरण आगणन में संलग्न नहीं है, पार्किंग हेतु फ्रेम स्ट्रक्चर अनुमान के आधार पर तैयार किया गया है।

4.8 कार्य स्थल में E/W in Cutting किये जाने के पश्चात् आवश्यकतानुसार वास्तविक कार्य स्थल की Geo Technical Investigation कराते हुए, स्ट्रक्चरल डिजाइन कराया जाय तथा स्ट्रक्चरल ड्राइंग अधिकृत संस्था से वैट कराया जाना आवश्यक है।

4.9 पार्किंग निर्माण हेतु Terrace / Ground Floor में 27, LGF1 में 23, LGF2 में 23 एवं LGF3 में 32 इस प्रकार कुल 105 हल्का वाहन पार्किंग हेतु प्राविधान किया गया है।

4.10 योजना में Solar Power Panel and Rain water Harvesting का प्राविधान नहीं किया गया है।

4.11 योजना में Fire Fighting का प्राविधान नहीं किया गया है।

4.12 योजना में प्रस्ताव के सथ परिशिष्ट 'क' एवं 'ख' संलग्न है।

**4.13** प्रस्तावित योजना की लागत का विवरण निम्नानुसार है :–

(धनराशि रू0 लाख में)

| S. No. | Particular | DSR | | NSI | NSI |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Civil | Elet. | Civil | Elet. |
| 1 | Total Cost of Work | 701.44 | 11.75 | 0.09 | 3.91 |
| 2 | Add Centage Charges 8% | 56.12 | 0.94 | 0.01 | 0.31 |
| | **Total** | **757.61** | **12.71** | **0.10** | **4.22** |
| | **Say in Lakh** | **774.64 Lakh** | | | |

**परियोजना की कुल लागत :– रू0 774.64 लाख**

## 5. व्यय वित्त समिति में विस्तृत चर्चा के उपरान्त निर्णय :–

प्रश्नगत योजना के सम्बन्ध में व्यय वित्त समिति में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी, व्यय वित्त समिति द्वारा आगणन में प्रस्तावित सभी कार्यो को निर्धारित मानकों के अनुसार क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिये गये।

सचिव, आवास विभाग के अनुरोध पर समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उपरोक्त के आलोक में रू0 774.64 लाख **को निम्न प्रतिबन्धों के साथ अनुमोदित किया गया :–**

5.1 कार्य पर मदवार उतना ही व्यय किया जाय जितनी मदवार धनराशि स्वीकृत की गयी है। स्वीकृत धनराशि से अधिक व्यय कदापि न किया जाय।

Pant

क्रमशः पृष्ठ–3/–